भारत सरकार

सड़क परिवहन और राजमार्ग मंत्रालय

लोक सभा

अतारांकित प्रश्न सं. 4040

जिसका उत्तर 19.12.2024 को दिया जाना है

एनएच-66 से संबंधित मुद्दे

4040. श्री कोटा श्रीनिवास पूजारीः

क्या सड़क परिवहन और राजमार्ग मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे किः

(क) क्या सरकार स्थानीय यात्रियों और निवासियों की बढ़ती चिंताओं पर विचार करते हुए राष्ट्रीय राजमार्ग-66 से संबंधित मुद्दों का विशेष रूप से समाधान करने के लिए उडुपी में एक समर्पित कार्यालय की स्थापना करने पर विचार कर रही है और यदि हां, तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या है;

(ख) क्या सरकार को इस बात की जानकारी है कि मंगलौर स्थित वर्तमान कार्यालय अनेक राजमार्गों की देखरेख करता है जिससे कन्याकुमारी से पनवेल तक जाने वाले राष्ट्रीय राजमार्ग-66, जिसे प्रायः पश्चिमी तट की जीवन रेखा कहा जाता है, से संबंधित मुद्दों का समय पर समाधान होने में बाधा उत्पन्न होती है; और

(ग) यदि हां, तो उडुपी में भारतीय राष्ट्रीय राजमार्ग प्राधिकरण का क्षेत्रीय कार्यालय स्थापित करने और राष्ट्रीय राजमार्ग-66 से संबंधित मामलों की अधिक संकेन्द्रित और कुशल हैंडलिंग सुनिश्चित करने के लिए क्या कार्रवाई की जा रही है?

उत्तर

सड़क परिवहन और राजमार्ग मंत्री

(श्री नितिन जयराम गडकरी)

(क) से (ग) वर्तमान में भारतीय राष्ट्रीय राजमार्ग प्राधिकरण (एनएचएआई) द्वारा 02 कार्यालय/परियोजना कार्यान्वयन इकाईयाँ (पीआईयू) स्थापित की गई हैं, अर्थात पीआईयू-मंगलौर और पीआईयू-होन्नावर, जिनके अंतर्गत उडुपी जिले में रारा-66 का खंड आता है। उडुपी जिले में रारा-66 की कुल लंबाई 106.52 किलोमीटर है, जिसमें से लगभग 65 किलोमीटर पीआईयू-मंगलौर के और 41 किलोमीटर पीआईयू-होन्नावर के अधीन है। इसके अलावा, निर्माणाधीन/संचालन और रखरखाव चरण के तहत खंड को देखते हुए, उडुपी में एक समर्पित कार्यालय स्थापित करने की कोई योजना नहीं है।

*****